@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Monday, 01 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 256 Pages 04 | ₹3.00

## DEADLY BLAST ROCKS MYANMAR BORDER TOWN, OVER 55 FEARED DEAD

### Scores Injured as Explosion Levels Homes Near Chinese Border

FAIR REPORT

**Bangkok:** A devastating explosion tore through a village in northeastern Myanmar on Sunday, killing at least 55 people and injuring around 70 others in one of the deadliest industrial-style disasters reported in the conflict-hit nation in recent years.

The blast occurred around midday in Kaungtup village in Namhkam township, a region near the Chinese border controlled by the Ta'ang National Liberation Army (TNLA), an ethnic armed group that has long battled Myanmar's military.

Rescue workers described scenes of devastation as emergency teams searched through debris and damaged structures. Local reports said dozens of bodies, including those of children, were recovered from the site, while hospitals struggled to cope with the influx of injured residents.

Preliminary investigations suggest the explosion originated at a storage facility containing large quantities of gelignite, a powerful explosive commonly used in mining and quarrying operations. The TNLA acknowledged that the explosives had been stored by its economic department and said an investigation into the cause of the blast was underway.

The force of the explosion reportedly damaged more than 100 nearby homes, leaving families displaced and triggering fears of a wider humanitarian crisis in the area. Images circulating on local media showed shattered buildings, twisted debris and thick plumes of smoke rising above the border town.

The tragedy highlights the risks associated with storing industrial explosives in densely populated areas, particularly in regions where governance and safety oversight remain limited due to ongoing conflict.

Myanmar has remained deeply unstable since the military seized power in 2021, with large swathes of

## Elections Won by Manipulation, Not Development: BJP MLA's Candid Admission Triggers Political Storm


FAIR REPORT

**LUCKNOW:** A BJP legislator's startlingly frank remarks about electoral politics have set off a firestorm on social media, with a viral video showing him openly declaring that elections are won through political manoeuvring — not development work.

Shyam Prakash, MLA from Gopamau assembly constituency in Hardoi district of Uttar Pradesh, is seen in the circulating clip delivering what amounts to a rare, unfiltered confession from within the ruling establishment. "Elections are not won through development — they are won through jugaad (manipulation)," he is heard saying bluntly before a gathering.

The MLA went further, citing his own constituency's experience as evidence. "We got a lot of development work done — we thought that would be enough. But in the villages where we built roads, not a single vote came out of those booths for us," he reportedly said, suggesting that tangible public welfare had yielded little electoral dividend. The remarks have since spread rapidly across platforms, drawing sharp reactions from opposition parties who argue the statement exposes the BJP's transactional approach to governance. Critics contend it reflects a broader cynicism within the political class — one that prioritises backroom deals over genuine public service. Political analysts note, however, that the MLA's candour, however uncomfortable, mirrors a ground reality acknowledged privately by politicians across party lines — that voter psychology often defies the logic of performance-based politics.

## CELEBRATIONS TURN VIOLENT:



A car burns as Paris Saint-Germain (PSG) supporters celebrate in Paris, after winning the Champions League final soccer match in Budapest

# NIA Raids in Rajasthan as Probe into Suspected Pakistan-Linked Smuggling Network Intensifies

FAIR REPORT

**Jaipur:** The National Investigation Agency (NIA) on Sunday carried out coordinated searches at multiple locations in Rajasthan, including Neemrana and Ajmer, as part of a nationwide crackdown on a suspected cross-border smuggling network believed to have links across the India-Pakistan border.




The raids were conducted simultaneously with operations in several other states, underscoring the scale of the investigation into what officials describe as an organized syndicate allegedly involved in illicit trafficking and logistics support activities. Security agencies suspect the network may have been used to facilitate the movement of contraband and other illegal consignments through routes spanning multiple regions.

According to sources familiar with the investigation, NIA teams, assisted by local police and intelligence units, searched residential and commercial premises linked to individuals under scrutiny. Electronic devices, financial records and other documents were reportedly examined for evidence of communication channels, financial transactions and operational links connected to the alleged smuggling racket.

Several persons were questioned during the operation, though no official statement regarding arrests had been issued till late evening. Officials maintained that the searches were part of an ongoing effort to uncover the full extent of the network and identify its key operatives, facilitators and financial backers.

The agency is believed to be examining possible interstate and international linkages, with investigators focusing on the movement of funds, digital communications and suspected cross-border contacts. Security experts note that such operations reflect growing concerns over organized smuggling networks that can pose broader challenges to national security.

The latest action highlights the Centre's intensified focus on dismantling transnational criminal networks and strengthening border security mechanisms. Further searches and interrogations are expected as investigators piece together evidence gathered during the raids. Authorities have indicated that the probe remains at a crucial stage, with additional disclosures likely in the coming days.

### Nepal Scrambles to Clarify PM Balen Shah's Explosive Remark on Indian Territory

**KATHMANDU:** In a swift exercise in diplomatic damage control, Nepal's Ministry of Foreign Affairs has issued a clarification over Prime Minister Balen Shah's incendiary statement that Nepal had "encroached upon Indian land" — a remark that set off alarm bells in both Kathmandu and New Delhi and threatened to strain the historically sensitive bilateral relationship.

The Foreign Ministry sought to contextualise the PM's comment, stating that the remarks were specifically related to boundary pillars, no-man's land, and cross-border land use — not a sweeping territorial admission. The ministry acknowledged that in certain areas, land being used by both Nepal and India may fall on the opposite side of the official boundary line, a ground reality that has long complicated border management between the two neighbours.

The official boundary between the two countries was demarcated under the Treaty of Sugauli, signed in 1816, though disputes over border pillars and encroachments have periodically resurfaced over the decades.

Political observers note that Balen Shah, who transitioned from a celebrated rapper and urban activist to Kathmandu's Mayor and subsequently the country's Prime Minister, has a reputation for unfiltered public statements — a trait that wins him popular support domestically but occasionally creates diplomatic headaches.

India has not issued any formal response to the original remark or the subsequent clarification.

# MERIT MUST NOT BE A CASUALTY



Hemraj Tikam chand Tiwari

*By Special Feature Desk*

In every competitive examination, millions of young people place their hopes, aspirations, and years of hard work on a single opportunity. Behind every admit card lies a story of sacrifice—late-night study sessions, financial struggles, family expectations, and an unwavering belief that merit will ultimately prevail. When an examination is compromised, it is not merely a procedural failure; it is a breach of public trust.

Recent incidents of paper leaks and recruitment irregularities have once again highlighted the urgent need to protect the integrity of examination systems. The consequences extend far beyond administrative embarrassment. Each compromised exam undermines confidence in institutions, creates uncertainty among deserving candidates, and fuels a perception that




manipulation can outweigh merit.

A fair recruitment process is not a privilege granted by the state; it is a fundamental obligation of good governance. Transparency, accountability, and equal opportunity form the bedrock of any credible examination system. When these principles are weakened, society risks discouraging talent and rewarding unfair advantage.

The solution does not lie in outrage alone. Governments, examination authorities, and law-enforcement agencies must work together to establish robust safeguards. Technology-driven monitoring, secure digital infrastructure, independent audits, strict penalties for malpractice, and time-bound investigations are essential reforms. Equally important is transparent communication with candidates, ensuring that trust is rebuilt through action rather than assurances.

For a state like Rajasthan, where thousands of young people compete for limited public-sector opportunities, maintaining examination integrity is critical to social and economic progress. A generation's confidence in public institutions depends upon the belief that success is determined by effort, ability, and perseverance—not by access, influence, or fraud.

The debate over examination reforms is ultimately about more than preventing leaks. It is about protecting dreams, preserving justice, and strengthening democratic governance. Opportunity must be determined by merit, not manipulation. A transparent and trustworthy recruitment system is not merely an administrative necessity—it is an investment in the future of the youth and the credibility of the state itself.

'मन की बात' का 134वां संस्करण : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में बीजेपी कार्यालय में युवाओं के साथ सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

# राजस्थान की छाछ का जिक्र कर पीएम मोदी बोले- देसी पेय पदार्थों का खूब आनंद लो



FAIR REPORT
जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के '134वें संस्करण' में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं के साथ मुख्यमंत्री निवास पर इस कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में झारखंड के रांची में नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का जिक्र किया तथा एथलीट गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर से बातचीत की। उन्होंने देशवासियों से तेज गर्मी में अपना ध्यान रखने की अपील की तथा विभिन्न राज्यों के आमों की किस्मों का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि हमारे यहां गर्मी से लड़ने का तरीका कई बार रसोई में भी मिलता है। आपने भी देखा होगा कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे घर की रसोई का स्वाद बदल जाता है, रसोई का प्रकार बदल जाता है। कहीं मटके का पानी निकल आता है, कहीं दही जमने लगता है, तो कहीं कच्चे आम उबलने लगते हैं और फिर देसी पेय का दौर शुरू होता है। उन्होंने कहा, 'भारत के पारंपरिक ग्रीष्मकालीन पेय देश के विभिन्न क्षेत्रों की रीति-रिवाजों और संस्कृतियों में गहराई से रचे-बसे हैं। हर पेय एक अनूठी कहानी कहता है।' प्रधानमंत्री ने कुछ राज्यों के उदाहरण देते हुए कहा, 'देसी पेय से आप भी परिचित हैं। अगर आप उत्तर भारत में जाएंगे तो काफी जगह आपको मिलेगा आम पन्ना, कच्चे आम का स्वाद और गर्मी से राहत भी। पंजाब-हरियाणा जाइए तो बड़े गिलास वाली लस्सी मिल जाएगी। राजस्थान और गुजरात में छाछ, जैसे हर खाने की साथी बन जाती है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में सत्तू के शरबत की बात है, जिससे पेट भी भरता है और ताकत भी मिलती है।' उन्होंने कहा कि ये सिर्फ पेय नहीं, बल्कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों की परंपरा का हिस्सा है। देशवासियों के नाम संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि आप भी गर्मी के दौरान देसी पेजयलों का खूब आनंद लीजिए।

### पीएम के विचार युवाओं को कर रहे प्रेरित: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए वे सामाजिक सरोकार के कार्यों से जुड़ें तथा नवाचार अपनाकर अपने कौशल में वृद्धि भी करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार युवाओं को सकारात्मक परिवर्तन और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री के.के. विश्नोई सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

एक भी पदाधिकारी साइकिल, बस या पैदल चलकर नहीं पहुंचा, सिर्फ एक ने कार पुलिंग की

# बीजेपी की अपील किफायत बरतें... लेकिन पीएम के मन की बात सुनने पेट्रोल-डीजल की गाड़ियों से आए नेता

FAIR REPORT
जयपुर



भाजपा की ओर से वैश्विक संकट के समय किफायत बरतने और ईंधन बचाने की जो नसीहत आम जनता को दी जा रही हैं, उसे खुद पार्टी के बड़े नेताओं ने हवा में उड़ा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए समाज को सादगी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली भाजपा के दावों की पोल उस वक्त खुल गई, जब जयपुर में पार्टी कार्यालय के बाहर वीआईपी गाड़ियों का रेला लग गया। संगठन ने बकायदा ऐलान किया था कि नेता और कार्यकर्ता ईवी, साइकिल, बस या पैदल चलकर आएंगे ताकि जनता के बीच एक ठोस संदेश जाए, लेकिन जमीन पर हकीकत बिल्कुल उलट नजर आई।

नेताओं के लिए अनुशासन और जनहित की अपीलें शायद सिर्फ कागजों और बयानों तक ही सीमित हैं, क्योंकि जमीनी हकीकत में किसी भी रसूखदार पदाधिकारी को साइकिल चलाने या बस का सफर करने में अपनी तौहीन महसूस हुई। वीआईपी संस्कृति के आदी हो चुके इन नेताओं के लिए ईंधन बचाने के संकल्प से ज्यादा जरूरी अपनी लग्जरी और वातानुकूलित गाड़ियों का आराम था। पूरे तामझाम के साथ अपनी पेट्रोल-डीजल गाड़ियों में अकेले बैठकर दफ्तर पहुंचने वाले इन दिग्गजों ने यह साफ कर दिया कि किफायत बरतने और त्याग करने का उपदेश सिर्फ आम जनता के पालन के लिए है, खुद उनके लिए नहीं।

पार्टी कार्यालय पहुंचे गिने-चुने चार-पांच चेहरे ही ऐसे दिखे जिन्होंने लाज रखने के लिए ईवी या कार पूलिंग का सहारा लिया, बाकी के तमाम बड़े नाम अपनी बड़ी-बड़ी गाड़ियों से पहुंचे। जब संगठन के शीर्ष स्तर के नेता ही खुलेआम अपनी ही पार्टी के दिशा-निर्देशों और पीएम की मुहिम का मजाक बनाने पर आमादा हों, तो आम जनता से ऊर्जा बचाने की उम्मीद करना बेमानी ही है। ऐसे में 50 फीसदी ईंधन बचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा भाजपा संगठन आमजन को किफायत का क्या पाठ पढ़ाएगा, यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

दरअसल, मीडिया से बात करते हुए प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने 25 मई को कहा था कि बीजेपी ने पीएम मोदी की अपील को जन-जन तक पहुंचाने का प्लान बनाया है। इसके लिए प्रदेश संगठन ने इस 31 मई को आयोजित होने वाले पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में शामिल होने वाले नेता-कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे ईवी, ई-रिक्शा, साइकिल और पैदल चलकर पहुंचे। उन्होंने बताया- पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन बूथ स्तर तक होता है। इसमें बड़ी संख्या में आमजन और समाज के लोग भी शामिल होते हैं। ऐसे में नेताओं द्वारा दिया गया किफायत का संदेश लोगों तक पहुंचेगा। भाजपा संगठन के सभी कार्यालय ऊर्जा और ईंधन की खपत में 50 प्रतिशत तक बचत का लक्ष्य लेकर कार्य करेंगे।

### राठौड़ सहित 4 पदाधिकारी ईवी कार से पहुंचे

मन की बात कार्यक्रम में केवल प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सहित 4 पदाधिकारी ऐसे रहे, जो ईवी कार से पहुंचे। इनमें महिला मोर्चा अध्यक्ष राखी राठौड़, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र कटारा ईवी कार से प्रदेश बीजेपी कार्यालय आए। प्रदेश महामंत्री मुकेश दाधीच कार पुलिंग करके बीजेपी कार्यालय पहुंचे।

**ये पेट्रोल-डीजल गाड़ियों से पहुंचे :** प्रदेश पदाधिकारियों में महामंत्री भूपेन्द्र सैनी, प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, प्रदेश मंत्री अजीत मांडन, पूर्व प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ज्योति खंडेलवाल, जयपुर शहर बीजेपी अध्यक्ष अमित गोयल, प्रदेश मीडिया संजोयक प्रमोद वशिष्ठ सहित अधिकतर पदाधिकारी, प्रदेश प्रवक्ता और नेता अपनी-अपनी पेट्रोल-डीजल गाड़ियों से पहुंचे। किसी ने भी ईवी कार, ई-रिक्शा, कार पुलिंग और साईकिल का इस्तेमाल नहीं किया।

## ब्रीफ खबरें

### वंदे गंगा... जिले में 3500 से अधिक नागरिकों ने निभाई सहभागिता



**जयपुर।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के अंतर्गत ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को जयपुर जिले में विभिन्न विभागों, पंचायत समितियों, नगरीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रातः जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, चौगान स्टेडियम से वंदे गंगा पैदल रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को खेल अधिकारी मानसिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। पंचायत समिति शाहपुरा क्षेत्र में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत कुल 61 गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 2068 नागरिकों ने भागीदारी निभाई। क्षेत्र में प्रभात फेरियां, जनजागरूकता रैलियां एवं साइकिल रैलियां आयोजित कर जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। शाहपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनोहरपुरा में ग्रामीणों एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पौधारोपण, जल संरक्षण संरचनाओं की साफ सफाई, श्रमदान, डी सिल्टिंग तथा स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों ने सामुदायिक श्रमदान के माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने का संकल्प लिया। पंचायत समिति मौजमाबाद की समस्त ग्राम पंचायतों में वंदे गंगा जल जागरुकता रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में लगभग 125 जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के महत्व पर विशेष जागरुकता गतिविधियां संचालित की गई। कोटखावदा ब्लॉक में प्रभात फेरी, जागरूकता रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर पालिका दूदू क्षेत्र में वंदे गंगा प्रभात फेरी, जागरूकता रैली. जल स्रोतों की साफ सफाई, बावड़ियों एवं खेलियों की सफाई. जल सेवा, परिंडे स्थापना, पशुओं हेतु

### हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष: उदयपुर जार ने किया कलम प्रहरियों का सम्मान



**उदयपुर।** पत्रकारिता महज घटना की सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, एक विचार है, एक मंथन है। न्याय, शुचिता, सुराज, सुसंस्कृत समाज के निर्माण के लिए पत्रकार की भी उतनी ही भूमिका है जितनी समाजसुधारकों, विचारकों, संतों आदि की होती है। इस दिशा में कार्य करने वाले संत भी उस समय के पत्रकार ही कहे जाएंगे, जब उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को सुधारने के लिए जागरूकता के आंदोलन खड़े किए। और महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी महान विभूति भी उस समय की स्थितियों में समाज को जागरूक करने वाले एक पत्रकार कहे जाने चाहिए। यह उद्गार रविवार को यहां गुलाबबाग स्थित नवलखा महल के माता लीलावंती सभागार में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमद्दयानंद सत्यार्थ प्रकाश न्यास के अध्यक्ष डॉ. अशोक आर्य ने व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद्, उदयपुर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैनएडवोकेट निर्मल कुमार पंडित थे। विशिष्ट अतिथि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जार के प्रदेश सह संयोजक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता के 200वें वर्ष में जार उदयपुर की ओर से वर्ष पर्यन्त आयोजन किए जाएंगे जिनमें वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। जार उदयपुर के अध्यक्ष राकेश शर्मा राजदीप ने बताया कि समारोह में उदयपुर शहर के वरिष्ठ पत्रकार नरेश शर्मा, श्रीकृष्ण जुगनू, राहुल शर्मा, राजेन्द्र शेखर व्यास, राजेन्द्र हिलोरिया और मांगीलाल लोहार का सम्मान किया गया। सभी वरिष्ठ पत्रकारों ने अपनी पत्रकारिता के सफर के संस्मरण साझा किए।

## रिडको की नई भूमि आवंटन नीति को मिली मंजूरी, निवेश-रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

FAIR REPORT
जयपुर



राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (रिडको) की भूमि आवंटन एवं भूमि मूल्य निर्धारण नीति को स्वीकृति मिल गई है। जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया में रिडको द्वारा विकसित औद्योगिक टाउनशिप में अब भूखण्ड आवंटन, प्रबंधन एवं निस्तारण हो सकेगा। नीति के अंतर्गत प्रत्यक्ष आवंटन योजना या अन्य माध्यमों से भूखण्ड आवंटन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, एफडीआई परियोजनाओं एवं अन्य निवेशों के लिए भूखण्ड आवंटन की विशेष प्रक्रिया एवं ई-नीलामी की व्यवस्था आदि का प्रावधान किया गया है। एनआईसीडीसी द्वारा जारी मॉडल फ्रेमवर्क पर आधारित यह नीति राजस्थान की स्थानीय आवश्यकताओं एवं निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

दिल्ली- मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत विकसित किये जा रहे पांच नोड में से एक नोड जोधपुर—पाली—मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया है जोकि जोधपुर से 22 कि.मी. एवं पाली से 40 कि.मी. की दूरी पर स्थित तहसील रोहट की भूमि पर रिडको द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 एवं राज्य राजमार्ग 64 पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग से इस क्षेत्र में वाहनों के आवागमन हेतु एनएचएआई के द्वारा अण्डरपास का निर्माण किया गया है। लगभग 823 रूपये करोड़ की राशि से रोहट और मारवाड़ जंक्शन को जोड़ने वाली रेलवे लाइन की दोहरीकरण की योजना को रेलवे बोर्ड की सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा इस क्षेत्र में आने वाली औद्योगिक इकाइयों को गैस उपलब्ध करवाने हेतु 4.5 कि.मी. लंबाई में गैस पाइप लाइन तथा पाली और जोधपुर को जोड़ने वाली गैस ग्रिडलाइन महसाना-भटिण्डा से डालने की परियोजना तैयार कर ली गई है।

## रेलकर्मियों ने पूरी की 12 हजार फीट ऊंचाई तक पिंडारी ग्लेशियर की ट्रैकिंग, साझा किए अनुभव

FAIR REPORT
जयपुर




उत्तर रेलवे ट्रैकिंग व माउंटेरिंग एसोसिएशन द्वारा कर्मचारियों में प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित पिंडारी ग्लेशियर जीरो पॉइंट ट्रैक 23 से 30 मई तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ट्रैक में विभिन्न रेलवे से 60 अधिकारी/कर्मचारी और 5 ऑफिशियल सहित 65 ट्रैकर शामिल रहे।

ट्रैकिंग अभियान में उत्तर पश्चिम रेलवे से 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जयपुर से जनसंपर्क अधिकारी विनोद कुमार बेनीवाल, डॉ. सुरेश मीना, सुनील कुमार गोयल, स्मृति भाटी, नंद प्रकाश तनेजा, भावना तनेजा, मुकेश मीना और जोधपुर से डॉ. विशेष बंसल, प्रवीण कच्छावा, चिराग व प्रियल शर्मा शामिल रहे। प्रतिभागियों ने उत्तराखंड के प्रसिद्ध पिंडारी ग्लेशियर क्षेत्र की कठिन और रोमांचक पर्वतीय यात्रा पूरी की। प्रतिभागियों ने बताया कि 12 हजार फीट से अधिक ऊंचाई तक ट्रैकिंग उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसने न केवल शारीरिक क्षमता को चुनौती दी, बल्कि टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को भी सुदृढ़ किया। उत्तर रेलवे ट्रैकिंग एवं माउंटेरिंग एसोसिएशन के संयोजक हरीश जोशी ने बताया कि इसका उद्देश्य कर्मचारियों में फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण, साहसिक खेलों और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

गाय को राष्ट्रमाता और राष्ट्र पशु घोषित करने की मांग, जयपुर में मुस्लिम युवाओं ने निकाली 'गाय सम्मान यात्रा'

# गोमाता को सम्मान दिलाने के लिए सड़कों पर उतरे मुस्लिम युवा

FAIR REPORT
जयपुर



गाय को राष्ट्रमाता और राष्ट्रपशु घोषित करने की मांग लेकर रविवार को जयपुर में मुस्लिम युवा सड़कों पर उतरे। लंकापुरी स्टैंड से कांवटिया सर्किल तक पैदल मार्च निकाला गया। 'गाय सम्मान यात्रा' नाम से यात्रा में गौ संरक्षण और गोवंश की सुरक्षा के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खाचरियावास और कई पूर्व पार्षद मौजूद थे।

गाय भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण आधार रही है। विभिन्न समुदायों के लोग गाय के संरक्षण और सम्मान को सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक मानते हैं। इसी भावना के साथ केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रपशु घोषित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग लेकर मुस्लिम युवा सड़कों पर उतरे। उन्होंने गौ तस्करी और गौ हत्या पर प्रभावी रोक लगाने, गौ संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने और गौशालाओं के विकास के लिए विशेष योजनाएं संचालित करने की मांग भी की। गाय सम्मान यात्रा समिति के सदस्य आफताब गौराण ने बताया कि इस संबंध में सोमवार को जयपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि गाय के नाम पर होने वाली राजनीति समाप्त होनी चाहिए, क्योंकि गाय करोड़ों लोगों की आस्था का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राज्यों में गोवंश को लेकर दिए जाने वाले राजनीतिक बयानों से लोगों की भावनाएं आहत होती हैं।

सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर गौ संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यात्रा में शामिल प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा- हजारों मुस्लिम युवा 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' और 'गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो' जैसे नारे लगा रहे हैं। देश में सभी धर्मों और समुदायों को जोड़ने वाली भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गाय को लेकर बीजेपी के नेताओं की ओर से अनर्गल बयान दिए जा रहे हैं, इससे बड़ा पाप कुछ नहीं हो सकता।

पार्षद अजहरुद्दीन ने कहा कि देशभर में गाय के नाम पर राजनीति की जाती रही है, लेकिन अब इसे समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि गाय करोड़ों भारतीयों की आस्था का विषय है। इसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतरे हैं। गोवंश की हत्या पर रोक लगाने और गाय को राष्ट्रपशु-राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए ये अभियान आगे भी जारी रहेगा। आने वाले समय में पूरे राजस्थान में इस मुद्दे को लेकर जाएंगे। जरूरत पड़ी तो सीएम आवास का घेराव भी किया जाएगा।

### ब्रीफ खबरें

## सांड के हमले में दो की मौत, युवक के सीने में आर-पार हुआ सींग



**सीकर।** जिले में सांड के हमले में ANM और एक युवक की मौत हो गई। एएनएम अपने पीहर जा रही थी। गांव के बस स्टैंड पर उतरने के बाद अपनी चचेरी बहन के साथ घर की तरफ जा रही थी। घर से करीब 500 मीटर पहले सांडशाला के पास बाहर घूम रहे सांड ने एएनएम को उठाकर पटक दिया। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। पहला हादसा नेछवा थाना इलाके के झाझड़ गांव में शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। ANM मधु जांगिड़ (28) पत्नी अमित जांगिड़ निवासी दीपपुरा चारणान की इस हादसे में मौत हो गई। मधु का 8 महीने का बेटा है। पति विदेश में नौकरी करते हैं। वहीं, दूसरा हादसा रानोली कस्बे में हुआ। शनिवार शाम 7:30 बाणियों की ढाणी का रहने वाला मुकेश वर्मा (35) काम पर से लौट रहा था। हमले में सांड का सींग मुकेश के सीने के आर-पार हो गया। पुलिस ने रविवार को दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। जानकारी के अनुसार- मधु जांगिड़ गुमानपुरा PHC में ANM थी। किसी काम के सिलसिले में नेछवा कस्बे में गई थी। वहां से वह अपने पीहर झाझड़ जा रही थी। गांव के बस स्टैंड पर उतरने के बाद अपनी चचेरी बहन नीतू के साथ पैदल घर की तरफ जा रही थी। दोनो बहनें बगल से गुजर रही थीं। इसी दौरान एक कार के हॉर्न पर सांड दौड़ने लगे और ANM को उठाकर पटक दिया।

## कड़े पहरे में हुई लेक्चरर परीक्षा, देरी से पहुंचे अभ्यर्थी रोते हुए लौटे



**भीलवाड़ा।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित स्कूल लेक्चरर, लेक्चरर एग्रीकल्चर और कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 रविवार को कड़े सिक्योरिटी इंतजामों के बीच शुरू हुई। आरपीएससी के कड़े नियमों के मुताबिक निर्धारित समय पूरा होते ही परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पूरी तरह बंद कर दिए गए। इसके बाद पहुंचे लेट लतीफ अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा से वंचित रहने के कारण कई अभ्यर्थी रोते-बिलखते नजर आए। उन्होंने अधिकारियों से मिन्नतें कीं, लेकिन अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया। राजेंद्र मार्ग विद्यालय के प्रिंसिपल एवं परीक्षा केंद्र प्रभारी राजेंद्र सिंह गहलोत ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय पर शुरू कर दी गई थी। सभी सेंटर्स पर अभ्यर्थियों की एंट्री से पहले दस्तावेजों की गहन जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों की तलाशी के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

## शिविर में मार्गदर्शन : संगठन सृजन अभियान से मिलेगी नई मजबूती



**पुष्कर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पुष्कर में आयोजित किया गया। शिविर में नागौर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हनुमानराम बांगड़ा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, जनसंपर्क को प्रभावी बनाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों के कुशल संचालन को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल, चिरंजीव राव, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिन पायलट, हरीश चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया तथा संगठन को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिएनागौर जिलाध्यक्ष हनुमानराम बांगड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर से प्राप्त अनुभव और मार्गदर्शन के आधार पर जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी अभियान चलाए जाएंगे।

## बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर कड़े लूटने वाले दो बदमाश अरेस्ट




**भीलवाड़ा।** सदर थाना पुलिस ने पुरावतों का आकोला गांव में एक बुजुर्ग महिला के घर में घुसकर पैरों से चांदी के कड़े लूटने की सनसनीखेज वारदात का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूटी गई चांदी की दोनों कड़े और घटना में प्रयुक्त लोहे का सरिया बरामद कर लिया गया। सदर थाना अधिकारी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपियों ने वारदात से पहले बाकायदा रेकी की थी। उन्हें मालूम था कि बुजुर्ग महिला घर में अकेली रहती है और पैरों में भारी चांदी के कड़े पहनती है। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे तथा पैसों की जरूरत को पूरा करने के लिए उन्होंने इस पूरी वारदात की योजना बनाई थी। 22 मई की रात को दोनों आरोपी लादी देवी के मकान में जबरन घुस गए और डरा-धमकाकर उनके पैरों से चांदी कड़ों को निकालकर फरार हो गए थे। वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

### जल संरक्षण का संदेश लेकर शहर की सड़कों पर दौड़ी साइकिल रैली, युवाओं ने दिलाई जागरूकता

# विधायक आक्या ने दिखाई हरी झंडी, वंदे गंगा अभियान के तहत खिलाड़ियों और युवाओं ने शहरभर में किया जनजागरण

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** पानी की हर बूंद बचाने का संदेश लेकर रविवार सुबह शहर की सड़कों पर सैकड़ों युवा और खिलाड़ी साइकिलों के साथ निकले। राजस्थान सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित साइकिल रैली में युवाओं ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू हुई रैली को विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यदि अभी से पानी बचाने के प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने युवाओं से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को जल बचाने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया




गया। जिला प्रशासन और जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और अभियान की जानकारी के साथ हुई। इसके बाद इंदिरा गांधी स्टेडियम से निकली साइकिल रैली कलेक्टर चौराहा, कोतवाली मार्ग, अप्सरा टॉकीज चौराहा, सिटी पेट्रोल पंप, प्राइवेट बस स्टैंड, नई पुलिया, नगर परिषद, कलेक्ट्रेट और शास्त्री नगर क्षेत्र से होकर पुनः स्टेडियम पहुंची। रैली के दौरान खिलाड़ियों और युवाओं ने आमजन को जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और जनभागीदारी के माध्यम से इसे जन आंदोलन का स्वरूप देना है। कार्यक्रम में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर, मॉर्निंग क्लब अध्यक्ष गोपाल जाजू, जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी और युवा उपस्थित रहे।

### देर रात छावनी बना इलाका: एनआईए से जुड़े मामलों की जांच के तहत हुई कार्रवाई

# दिल्ली स्पेशल सेल ने देर रात संदिग्ध को पकड़ा

FAIR REPORT

**बांसवाड़ा**

जिले में देर रात दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लिया है। कार्रवाई राजतालाब थाना क्षेत्र के चुना भट्टी इलाके में की गई। मामले को राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा से जुड़े संदिग्ध गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस की तीन सदस्यीय स्पेशल सेल की टीम देर रात करीब 2 बजे बांसवाड़ा पहुंची और स्थानीय राजतालाब थाना पुलिस के सहयोग से पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने चुना भट्टी क्षेत्र में आरोपी के बहन के घर रह रहे एक युवक को हिरासत में लिया। जिले में अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस की टीम आरोपी को अपने साथ लेकर रवाना हो चुकी है। हिरासत में लिए गए युवक की पहचान फरहान उर्फ दानिश के रूप में बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, युवक पिछले करीब सात महीने से बांसवाड़ा में अपनी





बहन के घर छिपकर रहा था। शुरुआती जांच में जो इनसाइड स्टोरी सामने आ रही है, वह बेहद चौंकाने वाली है। आरोपी फरहान मूल रूप से मुंबई में 'ओला कैब' चलाता था। सुरक्षा एजेंसियों को अंदेशा है कि कैब ड्राइविंग की आड़ में वह किसी अंडरवर्ल्ड नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मामलों में संदिग्ध गतिविधियों की जांच के तहत यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल, मामले को लेकर दिल्ली पुलिस की ओर से किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि या विस्तृत जानकारी जारी नहीं की गई है। सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं और आधिकारिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल युवक को दिल्ली ले जाया गया है, जहां उससे विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां विभिन्न जानकारियां जुटाने में लगी हैं।

## पुलिस को देख नहर में कूदा चोर, कांस्टेबल ने लगाई छलांग... दबोचा

**बीकानेर।** जिले के खाजूवाला में पुलिस ने एक शातिर चोर को पकड़ने के लिए जो साहस दिखाया है उसने सबको हैरान कर दिया है। अनाज मंडी से सरसों चोरी के मामले में फरार चल रहे गजेंद्र सिंह उर्फ गज्जू को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम के सामने आरोपी ने भागने के लिए नहर का सहारा लिया। जैसे ही पुलिस की गाड़ी उसके नजदीक पहुंची आरोपी ने खुद को बचाने के लिए सीधे नहर की तेज लहरों में छलांग लगा दी। आरोपी के नहर में कूदते ही खाजूवाला थाने के कांस्टेबल अरुण कुमार ने बिना समय गंवाए पानी में छलांग लगा दी। नहर का बहाव काफी तेज था, लेकिन कांस्टेबल अरुण की हिम्मत और फुर्ती के आगे आरोपी टिक नहीं सका। उन्होंने बीच पानी में ही आरोपी गजेंद्र को दबोच लिया और कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस साहसी कार्य की चर्चा पूरे इलाके में है और कांस्टेबल अरुण की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। पुलिस ने आरोपी



के पास से सरसों चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गई कार को भी बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पुलिस पहले ही दो अन्य आरोपियों, मंगल सिंह और अमित बिश्नोई को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। पुलिस अब गज्जू से मामले की सख्ती से पूछताछ कर रही है ताकि इलाके में हुए अन्य चोरी के मामलों का भी खुलासा हो सके। खाजूवाला पुलिस की इस मुस्तैदी से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

## सरकारी अकाउंट से 15 लाख रुपए गायब, होगी जांच




**कोटा।** जिले के सार्वजनिक निर्माण विभाग के क्वालिटी कंट्रोल (गुण नियंत्रण खंड जोन कोटा) ई-ग्रास पोर्टल पर गड़बड़ी सामने आई है। खंड के जूनियर अकाउंटेंट की जांच में पोर्टल पर क्वालिटी कंट्रोल के लिए ऑनलाइन जमा करवाए गए 59 चालान (रसीद) फर्जी पाए गए हैं। जो कभी ऑनलाइन रिकॉर्ड में चढ़ाए ही नहीं गए। इनके पैसे भी सरकारी खाते में नहीं गए। यह राशि करीब 15 लाख रुपए है। मामला सामने आने के बाद विभाग के अफसर कोटा से जयपुर तक चक्कर लगा रहे हैं। अफसर मामला छुपाने के लिए इसे टेक्निकल एरर बताते हुए जांच करवाने की बात कह रहे हैं। दरअसल, हाड़ौती संभाग के चारों जिलों में PWD और अन्य सरकारी विभागों के निर्माण कार्यों के मटेरियल की गुणवत्ता की जांच कोटा स्थित संभागीय स्तरीय लैब (गुण नियंत्रण खंड जोन कोटा) में होती है।

## सड़क सुरक्षा अभियान: 162 वाहन चालकों पर कार्रवाई, पुलिस ने लोगों से नशे में वाहन न चलाने की अपील की

FAIR REPORT

**नागौर**

नागौर और मेड़तासिटी में यातायात पुलिस ने बिना नंबर प्लेट, नंबर प्लेट से छेड़छाड़ तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर आशाराम चौधरी के निर्देशन में अभियान के दौरान दोनों कस्बों से कुल 10 बिना नंबर की मोटरसाइकिलें जब्त की गईं, जबकि 162 चालान बनाए गए। उप अधीक्षक यातायात उम्मेद सिंह के सुपरविजन में शहर में यातायात प्रभारी देवीलाल के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए 7 बिना नंबर की मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। साथ ही विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन



चालकों के खिलाफ 142 चालान किए गए। इसी प्रकार मेड़तासिटी में वृत्ताधिकारी रामकरण सिंह मलिंडा तथा उप अधीक्षक यातायात उम्मेद सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात प्रहलादराम के नेतृत्व में 3 बिना नंबर की मोटरसाइकिलें जब्त कीं। वाहन चालकों के 20 चालान बनाए गए। पुलिस की आमजन से अपील नागौर पुलिस ने नागरिकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित यात्रा स्वयं और परिवार की जिम्मेदारी है। हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाना, मोबाइल का प्रयोग करते हुए ड्राइविंग से बचना तथा नाबालिगों को वाहन नहीं सौंपना जैसे नियम दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नागौर में सामूहिक रूप से सुना गया 'मन की बात' कार्यक्रम का 134वां संस्करण

FAIR REPORT

**नागौर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का प्रसारण रविवार को नागौर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 212, आवासन मंडल कॉलोनी, ताऊसर रोड स्थित पूर्व प्रधान अजीत सिंह भाटी के निवास पर सामूहिक रूप से सुना एवं देखा गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संबोधन में प्रधानमंत्री ने गर्मी के प्रकोप को देखते हुए देशवासियों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा आवश्यक सावधानियां बरतने का संदेश दिया। देश में खगोल



विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में वैज्ञानिक जिज्ञासा और खगोलीय अध्ययन की परंपरा सदियों पुरानी है। भारत की समृद्ध वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान अजीत सिंह भाटी, पदम सारस्वत, रमेश अपूर्वा, महावीर सिंह, अर्जुनराम मेहरिया, रामकुमार भाटी, राजेंद्र प्रजापत, भीकाराम मेघवाल, विशाल माथुर, बूथ मंत्री महेश पारीक, मदन प्रजापत, जितेंद्र त्रिवेदी, अभय सिंह, कमलेन्द्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाथीकुंड पार्क को मिली नई पहचान: सांसद- विधायक ने किया लोकार्पण, विश्राम स्थल का शिलान्यास

**वार्ड 29 की पार्षद प्रीति सुखवाल की पहल से साकार हुआ विकास कार्य, क्षेत्रवासियों को मिलेगा आधुनिक उद्यान और विश्राम स्थल का लाभ**

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** शहर के मधुवन क्षेत्र स्थित प्राचीन हाथीकुंड पार्क को नया स्वरूप मिल गया है। शनिवार को नगर परिषद द्वारा विकसित नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण और विश्राम स्थल का शिलान्यास सांसद सी.पी. जोशी एवं विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रहे इस विकास कार्य को मूर्त रूप देने में वार्ड 29 की निवर्तमान पार्षद प्रीति सुखवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।अपने संबोधन में सांसद सी.पी. जोशी ने कहा कि हाथीकुंड पार्क के आधुनिक विकास से स्थानीय निवासियों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को सुबह-शाम सैर करने तथा स्वच्छ वातावरण में समय बिताने के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि विश्राम स्थल बनने से पार्क में आने वाले लोगों को बैठने और आराम करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता



है। पार्क का जीर्णोद्धार और विश्राम स्थल का निर्माण क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य शहर के सार्वजनिक स्थलों की उपयोगिता और सौंदर्य दोनों को बढ़ाते हैं।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरना पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर वंदे गंगा अभियान के तहत जल संरक्षण और नदियों की स्वच्छता बनाए रखने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। सांसद और विधायक ने पर्यावरण संरक्षण तथा जीव-दया का संदेश देते हुए पार्क परिसर में पौधारोपण किया तथा मूक पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। उन्होंने आमजन से भी गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में सांसद सी.पी. जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, भाजपा जिला महामंत्री रघु शर्मा, नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी, अनिल ईनाणी, सुदर्शन रामपुरिया, रामगोपाल ओझा 'बस्सी', निवर्तमान पार्षद प्रीति सुखवाल, अनिल भटनागर, झमकलाल सुखवाल, पूर्व पार्षद जगदीश जांगिड़, ओमप्रकाश सुखवाल, विठ्ठल पाण्डेय, शक्तिसिंह राणावत, देवीलाल राठौर, पार्षद प्रतिनिधि नीरज सुखवाल, सत्यनारायण न्याति, नारायणसिंह सारंगदेवोत, महेन्द्र जोशी, राजेन्द्र जांगिड़, पुरण धाकड़, विपिन सिंह, सिम्पल वैष्णव, मंजु पितलिया, केपी राणा, सुधीर मेहता सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# TMC in Turmoil: 60 of 80 MLAs Skip Mamata's Emergency Meet, Meeting Called Off

FAIR REPORT



**KOLKATA** : In what political observers are calling the most visible sign of internal fracture within the Trinamool Congress in recent memory, a crucial meeting convened by Chief Minister Mamata Banerjee at her residence on Sunday collapsed spectacularly — with 60 out of 80 party MLAs simply not turning up.

Only 20 legislators made it to the gathering, leaving the meeting without the critical mass needed to proceed. It was subsequently called off, sending shockwaves through the party apparatus and triggering a fresh wave of speculation about a looming split within West Bengal's ruling dispensation.

What made the episode even more alarming for the TMC leadership was the communication blackout that followed — party functionaries were reportedly unable to reach the absent MLAs, raising urgent questions about whether the mass no-show was spontaneous or a coordinated act of defiance.

TMC, however, moved quickly to contain the narrative. The party issued a statement attributing the absenteeism to legislators being preoccupied with legal matters connected to the attack on Abhishek Banerjee and cases involving Kalyan Banerjee — an explanation that did little to convince political analysts tracking the growing restiveness within the party's legislative ranks.

The optics could not have been worse for Mamata Banerjee, whose iron grip over the TMC has long been considered the party's greatest organisational strength. A meeting at the Chief Minister's own residence being abandoned due to a near-total boycott by lawmakers sends an unmistakable signal that all is not well behind the party's carefully managed public facade.

Opposition parties were quick to pounce, with BJP leaders describing the incident as proof of TMC's "internal collapse" ahead of what promises to be a politically charged season in Bengal.

Whether this represents a genuine rebellion in the making or a storm in a teacup remains to be seen — but Sunday's no-show has undeniably put Mamata Banerjee on notice within her own house.

## Chauhtan Police Bust Drug Network, Seize Smack and MD Worth Lakhs

FAIR REPORT



**BARMER**, May 31: In a significant strike against the drug trade, Chauhtan Police arrested a 21-year-old man and seized over 100 grams of narcotics — including smack and MD (methamphetamine derivative) — from his possession on Sunday, marking one of the sharper enforcement actions under the ongoing Nasha Mukt Barmer campaign.

The accused, Veeraram, son of Narayanram Prajapat, a resident of Chauhtan township, was intercepted by a police team while he was allegedly preparing to distribute the contraband. Officers recovered 54.34 grams of smack and 51.34 grams of MD drug from him. An unnumbered motorcycle — believed to be used for supply runs — was also seized from the spot.

Sources within the department estimate the seized narcotics carry a value of several lakhs in the international market.

The operation was conducted under the supervision of Superintendent of Police Chunaram Jat, Additional SP Nitesh Arya, and Circle Officer Jetaram, with SHO Lallit Kishore leading the ground team. Constable Padmaram (1739) has been credited with gathering the critical intelligence that led to the arrest.

Police have registered a case at Chauhtan police station and taken Veeraram into custody. Interrogation is underway to map his supply chain, identify procurement sources, and uncover other individuals linked to the network.

The operation is part of a broader special drive being run under directives from Police Headquarters and Jodhpur Range to dismantle drug trafficking networks across the district.

## Government Doctor Arrested in Rs 2 Crore Fake Insurance Claim Case

### Death Due to Illness Shown as Electrocution in Postmortem Report; Son of Deceased Already Arrested

**Chittorgarh**: Kapasan Police have arrested a government doctor in connection with a fake insurance claim case involving nearly Rs 2 crore. The doctor is accused of preparing a false postmortem report and showing a natural death as a death caused by electric shock to help obtain insurance money. According to police, an insurance company manager filed a complaint in 2024 after finding irregularities in an insurance claim submitted after the death of Badri Lal Jat. A detailed investigation was launched by the police and the insurance company. The investigation found that Badri Lal Jat was suffering from serious illnesses, including TB and COPD, and was undergoing treatment. Hospital records showed that he was brought to a hospital on September 23, 2023, at around 3 a.m. and was declared dead. However, later documents claimed that he died due to electric shock while working in a field. Police said the same doctor who declared him dead later prepared the postmortem report mentioning electrocution as the cause of death. Several contradictions were found between hospital records and the postmortem report. During the investigation, police found that the deceased had multiple personal accident insurance policies.

## Rajasthan CM Cracks Down on Corruption, Sends Strong Message on Law and Order

FAIR REPORT



**Jaipur:** Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma has sharpened his government's anti-corruption and law-and-order agenda, asserting that criminals and corrupt officials will find no shelter in the state administration.

Reiterating a policy of zero tolerance, Sharma said the government is committed to ensuring transparent, accountable and citizen-centric governance. The Chief Minister's remarks come amid a sweeping crackdown on corruption cases across departments, with the state government taking disciplinary action against more than 100 officials accused of misconduct and abuse of office.

According to government action reports, 103 officers, including a senior IAS officer, have been suspended in corruption-related matters. Six officials convicted in corruption cases have been dismissed from service, while pension benefits of several retired officers have been permanently withheld following proven charges of misconduct. The government has also approved prosecution in over 100 cases linked to bribery, misuse of official position and disproportionate assets.

Officials said the crackdown is aimed at restoring public confidence in governance and sending a clear signal that administrative negligence and corruption will invite strict consequences. Departments have been directed to accelerate disciplinary proceedings and ensure time-bound action in pending cases.

On the law-and-order front, Sharma has repeatedly maintained that Rajasthan will not tolerate organized crime, corruption or threats to public safety. The Chief Minister has instructed law-enforcement agencies to act firmly against criminal networks and strengthen accountability mechanisms across the administration. Political observers view the latest measures as part of the BJP government's broader effort to project a governance model centered on transparency, administrative discipline and stricter enforcement. As Rajasthan heads into a politically significant phase marked by local body and panchayat elections, the government's anti-corruption drive is expected to remain a key pillar of its public outreach strategy.

### Got Interim Bail, But Did Not Return; MDMA Trafficking Accused Missing

## Did Not Return to Jail After Bail Period Ended, Absconding Case Registered at Kotwali Police Station

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** A man accused in a drug trafficking case has absconded after completing his 30-day interim bail period. He was required to return to Chittorgarh District Jail by the evening of May 30, but did not report back. Jail authorities have now registered a case against him at Kotwali Police Station. According to officials, Ankit Singh Sisodia, a resident of Mandsaur in Madhya Pradesh, had been lodged in Chittorgarh District Jail since November 15, 2025. He was granted interim bail by the court from May 1 to May 30, 2026. As per the court order, he had to surrender at the jail by 5 pm on May 30, but failed to do so. After he did not return, jail authorities declared him absconding and filed a report with the police. Based on a complaint submitted by jail guard Vedram Chaudhary, police registered a case and started an investigation. Teams are now searching for the accused at possible locations. During the bail period, Ankit was required to follow several conditions. He had to mark his attendance at Mandsaur Kotwali Police Station and return to jail after the bail period ended. Police said he violated these conditions and went missing. It is worth noting that Nimbahera Kotwali Police arrested Ankit Singh Sisodia near Jaliya Check Post on November 6, 2025. During the search of his car, police recovered 4.635 kg of MDMA from four packets. He was arrested under the NDPS Act and sent to judicial custody.

**Large Quantity of MDMA Was Recovered Earlier**

Police said the accused was caught during a checking operation at Jaliya Check Post. A total of 4.635 kg of MDMA was seized from his vehicle. The drug was estimated to be worth crores of rupees in the illegal market. After spending several months in jail, he was granted interim bail, but failed to return after the bail period. A separate case has now been registered against him for absconding.

## JAPAN PUSHES BACK AS CHINA WARNS OF 'NEW MILITARISM'



### Tokyo Defends Military Expansion, Accuses Beijing of Double Standards

FAIR REPORT

**Singapore/Tokyo:** A sharp war of words between Japan and China has reignited concerns over Asia's rapidly evolving security landscape, with Japanese Defence Minister Shinjiro Koizumi forcefully rejecting Beijing's accusation that Tokyo is drifting toward militarism.

Speaking at the Shangri-La Dialogue in Singapore, Asia's premier security summit, Koizumi dismissed Chinese claims of a "remilitarised Japan" as baseless, arguing that it is China's expanding military capabilities—not Japan's—that should concern the international community.

"There is a country with a huge arsenal of nuclear weapons and strategic bombers," Koizumi said in a thinly veiled reference to China. "Japan possesses neither, yet it is labelled as pursuing new militarism. Isn't that strange?"

The remarks mark one of Tokyo's strongest public rebuttals to Beijing's criticism of Japan's ongoing defence transformation under Prime Minister Sanae Takaichi. Japan has increased military spending for twelve consecutive years and is moving toward a defence budget equivalent to 2% of GDP, a historic shift for a nation whose post-war identity has long been defined by pacifism.

China, however, views these developments with suspicion. Days before the summit, a Chinese defence ministry spokesperson warned that the "grey rhino of remilitarised Japan" was gathering momentum and urged the international community to contain what Beijing described as Japanese neo-militarism.

The exchange underscores deep historical and geopolitical fault lines. Memories of Japan's wartime occupation of China continue to shape regional perceptions, while contemporary flashpoints—from Taiwan to the East China Sea—have heightened strategic competition.

Koizumi sought to reassure neighbouring countries by pledging transparency and dialogue, insisting Japan's military modernisation is defensive in nature. Yet the debate extends beyond foreign capitals. Within Japan, growing defence expenditures and calls to revise the pacifist Article 9 of the Constitution have sparked fierce domestic debate and large anti-war demonstrations.

As China expands its military reach and Japan abandons decades of strategic restraint, Asia is witnessing a profound recalibration of power. The central question is no longer whether the region is entering a new security era—but how its rival powers will navigate it without tipping the balance toward confrontation.

## Khaki Leads by Example in Water Conservation Drive; Cleanliness Campaign Conducted at Historic Stepwell

### 60 Police Personnel Participate in Voluntary Labour Under Vande Ganga Campaign, Spread Message of Water Conservation and Cleanliness

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Police personnel, who are usually seen maintaining law and order, were engaged in a social cause on Sunday morning. Under the Vande Ganga Water Conservation Public Campaign, the district police carried out a cleanliness drive through voluntary labour at the historic water reservoir and stepwell located opposite Kalika Mata Temple in the Fort area. Police officers and personnel personally removed garbage and overgrown vegetation from the site, spreading the message of water conservation and urging the public to keep water bodies clean. The programme was organised as part of the state government's campaign. Under the guidance of Superintendent of Police Dharmendra Singh, police officers and personnel participated in collective voluntary labour. Led by Line RI Anil Pandey, around 60 police personnel cleaned the reservoir and surrounding area, making the premises neat and clean. During the drive, police officials highlighted the importance of rainwater harvesting, conservation of natural water sources, and environmental protection. They said that in the face of increasing water scarcity, water conservation is the responsibility of every citizen. Through the campaign, people were encouraged to maintain the cleanliness of water sources and promote rainwater harvesting. Police officials stated that water conservation is not merely a government initiative but a movement that requires public participation. The campaign conducted by the district police delivered a positive message on environmental protection and water conservation while encouraging people to fulfil their social responsibilities.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005•
Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**